हिन्दी Hindi Class 12 Important Question Chapter 3 यह दीप अकेला / मैंने देखा , एक बूँद

1.‘यह दीप अकेला’ कविता में कवि ने दीपक को किसका प्रतीक बताया है?

उत्तर : ‘यह दीप अकेला’ कविता में कवि ने दीपक को मनुष्य का प्रतीक बताया है व व्यक्तिगत मनुष्य को समाजिक मनुष्य से जोड़ने की बात कही है।

2.पनडुब्बा ये मोती सच्चे फिर को कृती लाएगा ? इन पंक्ति से संबंधित तुलनात्मक भाव को लिखो।

उत्तर : कवि कहते हैं कि यह वह गोता है जो हृदय रूपी समुन्द्र में डूब कर रचनाओं रूपी मोतियों को खोज कर लाता है अर्थात कवि साहित्यकारों की और संकेत कर रहे हैं।

3.‘मैंने देखा एक बूंद’ कविता से कवि का क्या अभिप्राय है?

उत्तर : इस कविता में अज्ञेय ने समुन्द्र से अलग होती एक बूंद की क्षणभंगुरता की व्याख्या की है । इस कविता द्वारा कवि ने एक क्षण के महत्व को दर्शाया है।

4.’समिधा – ऐसी आग हठीला बिरला सुलगायेगा’ निम्न पंक्ति का आशय लिखों।

उत्तर : इन पंक्तियों में कवि ने एक गुणवान व्यक्ति की तुलना हवन की उस लकड़ी से की है जो खुद जल कर भी लोगों को लाभ पहुंचाती है उसी प्रकार गुणवान व्यक्ति भी लोगों को लाभ पहुंचाता है ।

5. एक मधु है स्वयं काल की मोना का युग संचय यह गोरस जीवन कामधेनु का अमृत पूत – पय, इन पंक्तियों के भावार्थ लिखो।

उत्तर : इन पंक्तियों में कवि मनुष्य की तुलना मधु से करते हैं और कहते हैं कि जिस प्रकार मधुमक्खी को शहद बनाने में समय लगता है, उसी प्रकार व्यक्ति को भी खुद की रचनाओं की खोज करने में समय लगता है और प्रतिभाशाली व्यक्ति कामधेनु के समान है जो हर कठिनाइयों के बाद भी हर परिस्थिति से गुजर कर शुद्धता और प्रेम से भरे व्यक्तित्व का निर्माण करता है।

6.’यह दीप अकेला स्नेह भर है गर्व भरा मदमाता’ इन पंक्तियों का भावार्थ लिखो।

उत्तर : कवि कहता है कि जिस प्रकार तेल से भरा दीपक सीधे लौ से रहता है और अपने प्रकाश से अंधेरे को दूर करता है। उसी प्रकार मनुष्य गुणवान हो तो वह समाज के अंधेरे को दूर करता है और गर्व से भर जाता है।

7.’पर इसको भी पंक्ति को दे दो’ इन पंक्ति का आशय स्पष्ट करो।

उत्तर : कवि कहते हैं की जिस प्रकार एक दिया जलता है तो वो पूरे घर को रोशन कर देता है। उसी प्रकार अगर गुणवान व्यक्ति को समाज के साथ जोड़ दिया जाए तो वो पूरे समाज को गुणवान बना देगा ।

8.यह जन है , गाता गीत उन्हें फिर और कौन गायेगा? पनडुब्बा ये मोती सच्चे फिर और कौन लाएगा? इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करो ।

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर : कवि गुणवान मनुष्य की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कि यह वह व्यक्ति है जिसे समाज से जोड़ना जरूरी है। कवि गुणवान व्यक्ति की तुलना पनडुब्बी से करते हैं और कहते हैं कि ये वह गोताखोर है जो समुद्र में घुस कर मोती निकालते हैं।

9.'यह प्रकृत स्वयम्भू शक्ति को दे दो' । भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : भाव सौंदर्य :– इसका भाव यह है कि यदि मनुष्य हाथ से हाथ मिलाकर समाज या विश्व का निर्माण करे तो पूरे समाज का कल्याण हो सकता है। परंतु अकेला व्यक्ति कुछ नही कर सकता । पूरे समाज व विश्व को इसके लिए मिलके काम करना होगा।

10. ' मैंने देखा , 'एक बूंद' कविता के माध्यम से कवि हमको क्या सीख देते हैं?

उत्तर : मैने देखा एक बूंद कविता के माध्यम से कवि लोगो को बताना चाहते हैं कि हमारे जीवन का एक-एक क्षण बहुत महत्वपूर्ण है, जैसे एक बूंद की काया एक पल में पलट जाती है, उसी प्रकार हमारे जीवन में बदलाव कभी भी आ सकता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (5 अंक)

1. कवि ने दीप की तुलना मनुष्य से कैसे और क्यों की है ?

उत्तर : इस कविता में कवि ने दीप को मनुष्य का प्रतीक बताया है व मनुष्य की व्यक्तिगत सत्ता को सामाजिक सत्ता से जोड़ने का संदेश देते हैं। कवि कहते हैं कि अगर किसी व्यक्ति के पास विशेष गुण है तो उस व्यक्ति को वह गुण खुद ही सीमित न रखकर समाज के साथ उसको बांटें व समाज का सुधार करने में अपनी भूमिका निभाए ।

2.'गीत' और 'मोती' का क्या महत्व है?

उत्तर : गीत का अर्थ गायन से संबंधित है। मोती तभी सार्थक है जब गोताखोर उसे निकालते हैं। जिस प्रकार कागज पर लिखे गीतों का महत्व तब तक नही होता जब तक उसे गाया ना जाए। उसी प्रकार समुद्र में व्याप्त मोती का महत्व तब तक नही होता जब तक गोताखोरों द्वारा उन्हें निकाल ना लिया जाए।

3.'यह मधु है …………. तकता निर्भय'- पंक्तियों के आधार पर बताइए कि मधु गोरस और अंकुर की क्या विशेषता है?

उत्तर : कवि सच्चिदानंद के अनुसार-

मधु की खासियत यह है कि इसे बनाने में मधुमक्खियों को काफी समय लगता है। गोरसे को कामधेनु गाय से प्राप्त किया जाता है और जिसका दूध अमृत के समान होता है । अंकुर की खासियत यह है कि यह बहुत शक्तिशाली होता है व कठोर भूमि को चीरकर भी बाहर निकल आता है।

4. यह सदा द्रवित, चित्र जागरूक ………………….. चिर अखण्ड अपनाया। इन पंक्तियों का भावार्थ लिखो?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर : उपरोक्त पंक्तियों में कवि दीप और मनुष्य के बीच समानता स्थापित करते हुए कहते हैं कि जिस प्रकार दीप मनुष्य के जीवन से अंधकार दूर करने के लिए द्रवित होकर स्वयं जलकर उजाला करता है। उसी प्रकार मनुष्य भी दूसरों के दुख देखकर दुखी होता है व सहायता के लिए हाथ आगे बढ़ाता है।

5. "सागर" और "बूंद" से कवि का क्या अभिप्राय है?

उत्तर : सागर और बूंद द्वारा कवि का अभिप्राय है कि जिस प्रकार एक बूंद अचानक सागर से अलग हो जाती है व सूर्यास्त के समय एक हल्की सी आभा पड़ने पर वह चमकती है व फिर गायब हो जाती है ठीक उसी प्रकार कवि ने इसके माध्यम से साम्राज्यवाद का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है व सामाजिक समानता पर जोर दिया है।

https://www.evidyarthi.in/